Title : Need to confer the status of a Central University to Rajasthan University.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय सभापति जी, आपके माध्यम से मुझे उम्मीद है कि मेरा काम निश्चित रूप से पूरा हो जाएगा।

महोदय, मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि राजस्थान विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में क्रमोन्नत किया जाए। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के क्रमोन्नत करने का मामला काफी समय से केन्द्र सरकार के पास विचाराधीन है। इस विश्वविद्यालय में सुयोग्य विख्यात शिक्षक है, शिक्षा देने हेतु सभी वि्ायों के पद स्वीकृत हैं, लैब भी मौजूद है और भूमि तथा भवन भी पर्याप्त है।

जयपुर के महाराजा मानसिंह जी द्वारा इस विश्वविद्यालय के लिए मुफ्त में जमीन दी गई। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा और राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति व राजस्थान के शिक्षा सचिव द्वारा भी अपने पत्रों द्वारा उक्त प्रकरण पर निर्णय लेने के लिए केंद्रीय मंत्री से प्रार्थना की जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों को केंद्र की स्वीकृति दी गई है। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान का सबसे पुराना और प्रसिद्ध विश्वविद्यालय है।

मेरी केंद्र सरकार से 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' से मांग है कि राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर को केंद्रीय विश्वविद्यालय में क्रमोन्नत किया जाए।